छात्र लक्ष्य केन्द्रित करके उसका अनुसंधान करें : डॉ. कृष्णकान्त

आज दिनांक 20 नवंबर 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में लगभग 10 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रिकर्व राउंड के पुरूष वर्ग में जाट महाविद्यालय रोहतक के कृष रोज 641 अंकों के साथ प्रथम स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक के नितेश 639 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सागर 632 अंकों के साथ तृतीय स्थान व में जाट महाविद्यालय रोहतक के अमन 621 अंकों के साथ के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं रिकर्व राउंड प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की रिया तेवतिया 641 अंकों के साथ प्रथम स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक की कृतिका 609 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि 575 अंकों के साथ तृतीय स्थान व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की अन्नू सैनी 571 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी और कहा कि खिलाडियों को अर्जुन की तरह मछली की आँख के जैसे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना है तभी पूर्व में की गई कडी मेहनत रंग लाएगी। कल दिनांक 21 नवम्बर 2023 को इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन कम्पाउंड राउंड का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल-कूद संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, सहायक प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, श्री पवन दलाल, महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी व टीम कोच श्री हरकेश उपस्थित रहे।